# जनपद शामली पुलिस

**--सोशल मीडिया सेल शामली--**

प्रेस विज्ञप्ति                                                                 दिनांक 25.12.2024

**थाना साइबर क्राइम/साइबर सैल, एसओजी/सर्विलांस टीम शामली की संयुक्त कार्यवाही में शहर में फर्जी आयुष्मान कार्ड बनाने वाले गिरोह के 03 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 150 फर्जी आयुष्मान कार्ड, 05 मोबाइल, लैपटॉप, लैमिनेटर, कलर प्रिन्टर, रजिस्टर, कार व मोटरसाइकिल बरामद:-**

दिनांक 17.12.2024 को अपर मुख्य चिकित्साधिकारी जनपद शामली द्वारा शहर में फर्जी आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी थी। जिसके सम्बन्ध में साइबर थाना जनपद शामली पर मु0अ0सं0 19/2024 धारा 318(4),338,336(3),340(2) बीएनएस व 66 डी एक्ट पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा घटना की गम्भीरता के दृष्टिगत जनपद स्तर पर थाना साइबर क्राइम/साइबर सेल, एसओजी/सर्विलांस टीम शामली की संयुक्त टीम गठित कर घटना का शीघ्र अनावरण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था।

इसी क्रम में आज दिनांक 25.12.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे साईबर अपराध की रोकथाम एवं अपराध में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में जनपद स्तर पर गठित टीम थाना साइबर क्राइम/साइबर सेल, एसओजी/सर्विलांस टीम शामली द्वारा फर्जी आयुष्मान कार्ड बनाने वाले गिरोह के 03 शातिर अभियुक्तो को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे 150 फर्जी आयुष्मान कार्ड, 05 मोबाइल, 01 लैपटॉप, 01 लैमिनेटर, 01 कलर प्रिन्टर, रजिस्टर, 01 मारूति सेलेरिओ कार व 01 हीरो स्पलैण्डर मोटरसाइकिल बरामद हुयी है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में साईबर थाना शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरोह में शामिल शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीमें प्रयासरत हैं, शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जायेगी।

**अपराध का तरीका/उद्देश्य:-** गिरफ्तार अभियुक्तो ने पूछताछ पर बताया कि हम लोग अस्पतालों के बाहर घूमकर ऐसे बीमार व्यक्तियों की तलाश करते है जो आर्थिक लाचारी के कारण अपनी बीमारी का इलाज कराने में सक्षम नहीं होते हैं। आर्थिक उद्देश्य की पूर्ति हेतु हम उन्हें विश्वास में लेकर आयुष्मान कार्ड के फायदे बताकर उन्हे आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए गुमराह कर उनसे दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, पहचान पत्र आदि लेकर उनके मिलते जुलते नाम के आयुष्मान कार्ड के पात्र व्यक्तियों जिनकी आयुष्मान कार्ड की केवाईसी नहीं हुई होती थी उस पर इन व्यक्तियों की केवाईसी कराकर उनके आयुष्मान कार्ड में परिवार में अन्य लाभार्थी जोड़ देते थे एवं कार्ड में थोड़ी बहुत कमी एडिटिंग कर उन्हें फर्जी आयुष्मान कार्ड दे देते थे। अब सरकार ने इस काम पर थोड़ा फोकस किया हैं तब से हमारे द्वारा बनाए गए आयुष्मान कार्डो से अस्पतालों मे इलाज नही हो पा रहा हैं। आर्थिक उद्देश्य की पूर्ति हेतु हम लोगों द्वारा मिलकर उपरोक्त कार्य किया जा रहा था।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगण:-**

1.मुबिन पुत्र अहसान निवासी ग्राम ओदरी थाना झिंझाना जनपद शामली।

2.अतुल चौहान पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी आवास विकास कालोनी ऋषिकेश, जनपद देहरादून, उत्तराखण्ड - मूल पता ग्राम नूरपुर हट्टी थाना नगीना जनपद बिजनौर।

3.राकेश कुमार पाण्डे पुत्र स्व0 श्री उपेन्द्र नाथ पाण्डे निवासी कैनाल रोड शिव शक्ति मन्दिर गुमानी वाला के पास ऋषिकेश थाना ऋषिकेश जनपद देहरादून, उत्तराखण्ड।

**बरामदगी का विवरण:-**

1.150 फर्जी आयुषमान कार्ड (लगभग 300 आयुष्मान कार्ड की जांच सीएमओ कार्यालय से की जा रही है।)

2.मोबाइल 05 (एक सेमसंग एस 24 अल्ट्रा, एक रेडमी 10ए, एक रैडमी 8ए, एक रैडमी नोट 8 प्रो, एक गूगल पिक्सल 8)
3.एक मारूती सेलेरियों कार रजि0नं0- UK01A7928
4.एक हीरो स्पेलन्डर प्लस मोटर साइकिल रजि0नं0- UP20BZ1534
5.एक लैपटॉप डेल कम्पनी
6.एक लेमीनेटरमाल गोवलर कम्पनी
7.एक कलर प्रिन्टर EPSON
8.एक रजिस्टर (जिसमें आयुष्मान कार्ड से सम्बन्धित विवरण अंकित है।)

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-</u>**

1.प्रभारी निरीक्षक श्री संजीव भटनागर साइबर क्राइम थाना जनपद शामली।
2.निरीक्षक श्री सुदेश कुमार प्रभारी एसओजी मय टीम।
3.निरीक्षक श्रीमति सीमा शर्मा प्रभारी साइबर सेल।
4.विवेचक/निरीक्षक श्री संजय कुमार साइबर क्राइम थाना जनपद शामली।
5.उ0नि0 श्री फतेह सिंह प्रभारी सर्विलांस सेल मय टीम।
6.उप निरीक्षक श्री साहब सिंह साइबर क्राइम थाना जनपद शामली।
7.उप निरीक्षक श्री कुलदीप कुमार एसओजी मय टीम।
8.उप निरीक्षक श्री राहुल सिसौदिया एसओजी मय टीम।
9.है0का0 सुरेन्द्र सिंह साइबर क्राइम थाना जनपद शामली।
10.कम्प्यूटर ऑपरेटर विकास चौधरी साइबर क्राइम थाना जनपद शामली।
11.कम्प्यूटर ऑपरेटर हरीश कुमार साइबर सेल जनपद शामली।
12. है0का0 विकास कुमार साइबर क्राइम थाना जनपद शामली।
13. का0 शोभित कुमार साइबर सेल जनपद शामली।
14. का0 अनुज कुमार साइबर क्राइम थाना जनपद शामली।
15. का0 मुनेन्द्र कुमार साइबर क्राइम थाना जनपद शामली।
16. का0 अर्चित कुमार साइबर क्राइम थाना जनपद शामली।



**थाना झिंझाना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम डोकपुरा में मारपीट, गाली गलौज व धारदार हथियार से हमले के मामले में वांछित 10,000/- रुपये का इनामी अभियुक्त गिरफ्तारः-**

ज्ञात हो कि दिनांक 07.11.2024 को वादी मुस्तकीम पुत्र जीजू निवासी ग्राम बरनाऊ थाना कैराना जनपद शामली ने अपने बडे भाई इमरान व उसके पुत्रगण द्वारा मारपीट, गाली गलौच व धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर तहरीर दी थी। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना झिंझाना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया था। थाना झिंझाना पुलिस द्वारा घटना में लिप्त अभियुक्तगण की तलाश की जा रही थी। अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा 10,000/- रुपये का इनाम घोषित किया गया था। घटना में लिप्त 01 अन्य अभियुक्त को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

इसी क्रम में आज दिनांक 25.12.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे अपराध की रोकथाम एवं अपराध में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम डोकपुरा में मारपीट, गाली गलौज व धारदार हथियार से हमले के मामले में वांछित 01 इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.इमरान पुत्र जीजू निवासी ग्राम बरनाउ उर्फ बरनावी थाना कैराना जनपद शामली।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1.उ0नि0 श्री  सतीश सिंह थाना झिंझाना जनपद शामली।

2.है0का0 अमित कुमार थाना झिंझाना जनपद शामली।

3.का0 सुमित कुमार थाना झिंझाना जनपद शामली।

4.का0 शान्तनु थाना झिंझाना जनपद शामली।



**थाना कैराना पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से नाजायज छुरा बरामदः-**

आज दिनांक 25.12.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना कैराना पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को 01 नाजायज छुरा सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुयी है । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.आरिफ पुत्र अब्बल निवासी ग्राम राणा माजरा थाना सनौली जनपद पानीपत हरियाणा।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.एक छुरा नाजायज।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1.उ0नि0 श्री सुभाषचन्द थाना कैराना जनपद शामली।

2.है0का0 आकाशदीप थाना कैराना जनपद शामली।

3.है0का0 नितिन त्यागी थाना कैराना जनपद शामली।



**<u>थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा वांछित/वारण्टी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 02 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तारः-</u>**

आज दिनांक 25.12.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 02 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगणः-</u>**

1.कुलदीप पुत्र श्याम सिंह निवासी ग्राम कुडाना थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

2.जकीऊला पुत्र यासिन निवासी ग्राम बलवा थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।




**<u>SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI</u>**